सीएसआईआर- केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
दिल्ली-मथुरा रोड, नई दिल्ली -110 025
(वेबसाइट: www.crridom.gov.in)

विज्ञापन संख्या: 06/पीसी/एससीटी-2024

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 26.12.2024 (प्रातः 10:00 बजे आईएसटी से)
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: 25.01.2025 (11:59 रात्रि आईएसटी तक)

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में अनुसंधान करियर के लिए एक अद्वितीय अवसर

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। यह विश्व के अग्रणी वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संस्थानों में से एक है। अद्वितीय अत्याधुनिक अवसंरचना और वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति के साथ, सीएसआईआर व्यावहारिक रूप से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान व विकास के पूरे स्पेक्ट्रम को समाहित करता है।

सीएसआईआर-केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), नई दिल्ली, जोकि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक घटक राष्ट्रीय प्रयोगशाला है, सड़क और परिवहन इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और विकास में संलग्न एक प्रमुख वैज्ञानिक संगठन है।

सीएसआईआर-सीआरआरआई से संबंधित विभिन्न अनुसंधान एवं विकास क्षेत्रों में निम्नलिखित वैज्ञानिक पदों को भरने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

पदनाम	कुल पदों की संख्या	क्षेत्र/ विशेषज्ञता	वेतन स्तर	कुल मासिक परिलब्धियां (लगभग)	ऊपरी आयु सीमा (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि के अनुसार)
वैज्ञानिक समूह IV(2)	**कुल: 23 पद#** *(अनारक्षित-10* पद ; आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग – *02* पद; *अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) – 06* पद; *अनुसूचित जाति -03* पद; *अनुसूचित जनजाति - 02* पद)	भू-तकनीकी अभियांत्रिकी, सुनम्य कुट्टिम, कुट्टिम मूल्यांकन, दृढ़ कुट्टिम, परिवहन योजना एवं पर्यावरण, यातायात अभियांत्रिकी एवं सुरक्षा, सेतु अभियांत्रिकी एवं संरचनाएं	7वें वेतन आयोग का वेतन स्तर-11	रु.1,35,000/- (लगभग)	32 वर्ष *
# इन 23 पदों में से एक पद पी॰डब्लू॰बी॰डी॰(एचएच) के लिए आरक्षित है।					

* कृपया विस्तृत विज्ञापन में प्रासंगिक छूट अनुभाग के अंतर्गत छूट हेतु देखें।

कृपया अन्य विवरण, योग्यता, नियम व शर्तों आदि के लिए हमारी **वेबसाइट https://crridom.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें तथा सूचीबद्ध प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करें। इस विज्ञापन से संबंधित सभी भविष्य की अधिसूचनाएं (अर्थात अंतिम तिथि का विस्तार, परिणाम आदि) केवल सीएसआईआर-सीआरआरआई की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएंगी।

हस्ता/-
प्रशासन नियंत्रक

CBC 36211/11/0009/2425